# EXCELLENT MIND GAME COACHING CLASSES (EMGC)

*Striving for excellence*

मंजिल आपकी पहुँचाएँगे हम

Follow us on



**Shama Qureshi**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS
## GK BOOSTER

Hindi Medium

21 March 2025

UPSC | MPSC | NDA | CDS | SSC

SBI/IBPS/PO/CLERK | RBI | RAILWAY | CLAT | MH-CET


Save this Number
7045493358
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address :Office No. 12 , 3 Rd Floor, Building No 3 B, Vivina,(NADCO) Shopping Centre, Opp Andheri Railway Station, M A Road, Andheri (West), Mumbai, Maharashtra 400058

Branches : Andheri, Borivali, Vasai.

Contact : 7045492124, 7045493358

## 21 मार्च से संबंधित करेंट अफेयर्स

- गोवा सरकार के सहयोग से खान मंत्रालय द्वारा भारत में अन्वेषण लाइसेंस की पहली नीलामी शुरू की गई हैं। इस पहल का शुभारंभ केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने किया। नीलामी का फोकस 13 अन्वेषण लाइसेंस ब्लॉकों पर होगा। दुर्लभ पृथ्वी तत्व, जस्ता, तांबा और हीरा जैसे महत्वपूर्ण खनिजों को इसमें शामिल किया जाएगा। नीलामी का उद्देश्य व्यवस्थित अन्वेषण में तेजी लाना और साथ ही खनिज आयात पर भारत की निर्भरता को कम करना हैं। एआई हैकाथॉन 2025 का भी उद्घाटन किया गया। एआई हैकाथॉन 2025 कृत्रिम बुद्धिमता के माध्यम से खनिज लक्ष्यीकरण का पता लगाएगा।
- पंचायती राज मंत्रालय ने महिला सशक्तिकरण ओर लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सशक्त पंचायत नेत्री अभियान और मॉडल महिला हितैषी ग्राम पंचायत जैसी दो प्रमुख पहल शुरू की हैं। इन पहलों का मुख्य उद्देश्य पंचायती राज संस्थानों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना और ग्राम पंचायतों में लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देना हैं। इसका उद्देश्य प्रतिनिधियों के नेतृत्व कौशल, निर्णय लेने की क्षमता और ग्रामीण शासन में सक्रिय भागीदारी को मजबूत करना है।
- भारतीय एरोनॉटिकल एजेंसी ने स्वदेशी एस्ट्रा बायोंड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल को लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस एएफ एमके 1 से ओडिशा के चांदीपुर तट के पास दागा गया हैं। इस परीक्षण में मिसाइलों की संरचना और उन्नत क्षमताओं को साबित किया गया, जो भारत की स्वदेशी रक्षा प्रणाली को दिशा में मजबूत करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं।
- भारत 2024 में दुबई में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रमुख स्त्रोत बन गया है, जिसे अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन ने पीछे छोड़ दिया हैं। फाइनेंशियल टाइम्स लिमिटेड के एफडीआई मार्केट्स डेटा के अनुसार दुबई कॉन्स्टैंट फोर्थ ईयर ग्रीनफील्ड एफ डीटेल्स के लिए दुनिया का टॉप डेस्टिनेशन बनाया गया हैं। दुबई के सहयोगी मोहम्मद कर नीति ओर विश्वस्तरीय स्टूडियो ने निवेश और प्रतिभाओं को आकर्षित किया है, जिससे यह वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बन गया है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह असम के गोलाघाट पहुंचे। उन्होंने गोलाघाट जिले के डेरगांव में लचित बरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया।
- केंद्र सरकार के मिशन अमृत सरोवर के हिस्से के रूप में भारतीय रेलवे जल संकट की गंभीर समस्या को दूर करने के लिए तालाब खोदेगा। अमृत सरोवर का मिशन अप्रैल 2022 में प्रत्येक जिले में 75 तालाबों के निर्माण या पुनरूद्धार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था। अक्टूबर 2024 तक 68,000 से अधिक तालाब पूरे हो चुके हैं। मिशन के दूसरे चरण को जल उपलब्धता सुनिश्चित करने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करते हुए शुरू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य जलवायु लचीलापन को मजबूत करना, पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देना और भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्थायी लाभ प्रदान करना है।
- वित वर्ष 2026 में भारत की जीडीपी वृद्धि 6.5% से अधिक होने का अनुमान है। अपने नवीनतम बैंकिंग आउटलुक इंडिया रिपोर्ट में मूडीज रेटिंग्स ने अनुमान लगाया है कि वित वर्ष 2026 में भारत की जीडीपी वृद्धि 6.5% से अधिक होगी। मूडीज की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था चक्रीय मंदी से उबरने के लिए तैयार हैं। नई कर व्यवस्था के तहत कर राहत से खपत को बढ़ावा मिलने और समग्र आर्थिक विस्तार में योगदान मिलने की उम्मीद हैं। वित मंत्रालय के आर्थिक सर्वेक्षण ने अगले वित वर्ष के लिए 6.3%-6.8% की सीमा में जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है।
- भारत और बांग्लादश ने संयुक्त नौसैनिक अभ्यास बोंगोसागर 2025 किया। यह अभ्यास अंतर संचालन क्षमता में सुधार के लिए बंगाल की खाड़ी में किया गया था। भारतीय नौसेना की ओर से आईएनएस रणवीर ने भाग लिया और बांग्लादेश की नौसेना की ओर से बीएनएस अब उबैदा ने भाग लिया। इस अभ्यास में सतह पर फायरिंग, सामरिक युद्धाभ्यास और चल रहे पुनः पुर्ति जैसे ऑपरेशन शामिल थे। यह अभ्यास दोनों नौसेनाओं के लिए निर्बाध । समुद्री संचालन के लिए सामरिक योजना और समन्वयन में घनिष्ठ संबंध विकसित करने का अवसर था।
- अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में भारत सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने महिलाओं की स्थिति पर आयोग के 69वें सत्र में भाग लिया। यह सत्र लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित था। अन्नपूर्णा देवी केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री ने लैंगिक समानता पर भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और आर्थिक अवसरों में सुधार के लिए प्रमुख योजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला।

### राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व वानिकी दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 20 मार्च (B) 21 मार्च

(C) 22 मार्च (D) 23 मार्च

**(B)** 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस या अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस हर साल मनाया जाता हैं। ताकि पृथ्वी पर जीवन चक्र को संतुलित करने के लिए वनों के मूल्यों, महत्व और योगदान के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा सके। 1971 में यूरोपीय कृषि परिसंघ की 23वी आम सभा में विश्व वानिकी दिवस की स्थापना की गई थी।




**2. विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 मार्च (B) 18 मार्च

(C) 20 मार्च (D) 21 मार्च

**(D)** विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस हर साल 21 मार्च को मनाया जाता हैं। डाउन सिंड्रोम मानव में एक स्वाभाविक रूप से होने वाली गुणसूत्र व्यवस्था हैं। जिसके परिणामस्वरूप सीखने की शैली, शारीरिक विशेषताओं या स्वास्थ्य पर अलग अलग प्रभाव पड़ते हैं। दिसंबर 2011 में महासभा ने 21 मार्च को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के रूप में घोषित किया है।




**3. हाल ही में कौन सूर्य के बाहरी वातावरण ओर सौर हवाओं का अध्ययन करने के लिए PUNCH मिशन लांच करेगा ?**

(A) इसरो (B) नासा

(C) CNSA (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** नासा सूर्य के बाहरी वातावरण ओर सौर हवाओं का अध्ययन करने के लिए PUNCH मिशन लॉन्च करने जा रहा हैं। जो 27 फरवरी को लॉन्च हुआ था। PUNCH मिशन का मुख्य उद्देश्य सूर्य के बाहरी वायुमंडल और सौर हवाओं का अध्ययन करना हैं। जिससे अंतरिक्ष मौसम की घटनाओं का पूर्वानुमान लगाने में मदद मिलेगी और पृथ्वी के बुनियादी ढांचे की रक्षा में सहायता मिलेगी।



**4. हाल ही में UAE ने किस देश में दस अत्याधुनिक प्रसूति ओर बाल चिकित्सा केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है ?**

(A) अफगानिस्तान (B) ईरान

(C) जापान (D) पाकिस्तान

**(A)** एक मानवता पहल के तहत संयुक्त अरब अमीरात ने अफगानिस्तान में दस सोसाइटी प्रसुति और बाल चिकित्सा केंद्र की स्थापना करने की हैं। इस परियोजना का उद्देश्य अफगानिस्तान में स्थिरता, विकास और समृद्धि को बढ़ावा देना, महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करना हैं।



**5. विश्व कविता दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 21 मार्च (B) 22 मार्च

(C) 23 मार्च (D) 24 मार्च

**(A)** विश्व कविता दिवस 21 मार्च को मनाया जाता हैं। ओर इसे यूनेस्को द्वारा 1999 में घोषित किया गया था, काव्यात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से भाषाई विविधता का समर्थन करने ओर लुप्तप्राय भाषाओं को सुनने के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से। इसका उद्देश्य दुनिया भर में कविता के पढ़ने, लिखने, प्रकाशन और शिक्षण को बढ़ावा देना है।



**6. हाल ही में किसने उपग्रह प्रक्षेपण के माध्यम से लगभग 14 करोड़ 30 लाख अमरीकी डॉलर के विदेशी राजस्व का सजृन किया है ?**

(A) इसरो (B) SpaceX
(C) JAXA (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** इसरो ने सैटेलाइट के माध्यम से लगभग 14 करोड़ 30 लाख अमेरिकी डॉलर का विदेशी राजस्व अर्जित किया है। अंतरिक्ष विभाग ने कहा है कि पिछले दस वर्षो के दौरान इसरो ने कुल तीन सौ 93 विदेशी और तीन भारतीय उपग्रह लॉन्च किए हैं। जनवरी 2015 ओर दिसंबर 2024 के बीच सभी सैटेलाइट इसरो के पीएसएलवी एलवीएम3 और एसएसएलवी लॉन्च सैटेलाइट से इन सैटेलाइट का लॉन्च किया गया।

**7. हाल ही में ICICI बैंक ने किसे सुरक्षा परिचालन प्रमुख नियुक्त किया है ?**




(A) मनोह मेहता (B) नितिन अग्रवाल
(C) कमल वली (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** आईसीआईसीआईसी बैंक ने कमल वली को अपने सुरक्षा संचालन केंद्र के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है, जिससे बैंक की साइबर सुरक्षा ओर जोखिम प्रबंधन को मजबूत करने की सुविधा मिलती हैं। सुरक्षा साइबर और आईटी ऑपरेशन में 18 से अधिक वर्षो के अनुभव के साथ कमल वैली बैंक के डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स की सुरक्षा का नेतृत्व करेंगे।

**8. हाल ही में कौन दुबई में FDI का शीर्ष स्त्रोत बन गया है ?**




(A) भारत (B) फ्रांस
(C) अमेरिका (D) चीन

**(A)** हाल ही में भारत 2024 में दुबई में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का अग्रणी स्त्रोत बन गया है, जिसने अमेरिका, फ्रांस ओर यूके को पीछे छोड़ दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स लिमिटेड के एफडीआई मार्केट्स डेटा के अनुसार दुबई लगातार चौथे वर्ष ग्रीनफील्ड एफडीआई परियोजनाओं के लिए दुनिया का शीर्ष गंतव्य बना हुआ है।

**9. हाल ही में FIFA ने किस देश को 2026 विश्वकप से प्रतिबंधित कर दिया है?**




(A) रूस (B) कांगो
(C) पाकिस्तान (D) उपरोक्त सभी

**(D)** फीफा वर्ड कप का इंतजार कर रहे फुटबॉल प्रेमियों का ये इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। पहली बार यह प्रतियोगिता 48 टीमों के बीच खेली जाएगी ओर इसे अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको संयुक्त रूप से होस्ट करेंगे। लेकिन टूर्नामेंट से पहले ही तीन देशों पर बैन लगने से फुटबॉल जगत में हलचल मच गई है।

**10. हाल ही में अरब देशों ने गाजा के लिए कितने बिलियन डॉलर की पुनर्निर्माण योजना को मंजूरी दी है ?**



(A) 53 (B) 60
(C) 70 (D) 77

**(A)** हाल ही में मिश्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतेह अल सीसी ने कहा कि उनकी योजना को अरब लीग ने स्वीकार किया हैं। ड्राफ्ट डॉक्युमेंट के अनुसार पांच साल की योजना पेश की गई है, जिसमें 53 अरब फलस्तानी अपनी जमीन पर रहेंगे। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाह्यान के इस समिट में नही आने से कई के सवाल उठ रहे है।